बेयरफुट कॉलेज ने गांवों में सौर ऊर्जा पंहुचाई

भारत डोगरा

अजमेर ज़िले में स्थित बेयरफुट कॉलेज का विख्यात सौर ऊर्जा कार्यक्रम अफ्रीका और एशिया के लगभग 20 देशों के गांवों को प्रकाशमय करने में सहायक हो रहा है।

तिलोनिया में प्रशिक्षित बेयरफुट सोलर इंजीनियर अब अन्य देशों में सीखने के लिए आ रही महिलाओं को प्रशिक्षित भी कर रही हैं। अफ्रीका के लगभग 15 देशों की महिलाओं का यह प्रशिक्षण विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी व आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत दिया जाता है। प्रशिक्षण के लिए अफ्रीका से आई महिलाओं ने बताया कि उनका तिलोनिया में प्रशिक्षण का अनुभव बहुत उपयोगी रहा व भाषा की समस्या के बावजूद वे कुछ महीनों में ही बहुत कुछ सीख सकीं। जब वे अपने गांव लौटेंगी तो उनके साथ सौर ऊर्जा युनिट स्थापित करने का साज़ो-सामान भी जाएगा।

नामीबिया से आई सूसना ने बताया कि जब वे अपने गांव को सौर ऊर्जा से रोशन करेंगी तो यह उनके लिए एक बड़ा दिन होगा। उन्हें प्रशिक्षण देने के कार्य में लगी लीला व मगन कंवर ने बताया कि उन्होंने अनेक गांवों में जाकर सोलर युनिट स्थापित भी की हैं। इसके अतिरिक्त भूटान के बहुत दूर-दूर के पर्वतीय गांवों में बेयरफुट कॉलेज के कार्यकर्ताओं ने सौर ऊर्जा सिस्टम स्थापित किए हैं व स्थानीय व्यक्तियों को इनके रख-रखाव का प्रशिक्षण भी दिया है। अफगानिस्तान के हिंसा से त्रस्त गांवों में भी सौर ऊर्जा पहुंचाने की कठिन ज़िम्मेदारी को भी बेयरफुट कॉलेज के कार्यकर्ताओं ने निभाया है। ***(स्रोत फीचर्स)***